भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
06.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1381 का उत्तर

किसान रेल का परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन

1381. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक प्रत्येक राज्य में संचालित किसान रेलगाड़ियों की कुल संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) किसान रेल के माध्यम से ढुलाई किए गए माल की कुल मात्रा का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस अवधि के दौरान किसान रेल गाड़ियों को चलाने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा किए गए व्यय और इनसे अर्जित राजस्व का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या किसान रेल नेटवर्क का विस्तार करने के लिए कोई कदम उठाए जा रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

SK

किसान रेल का परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन के संबंध में दिनांक 06.12.2024 को राज्य सभा में श्री मल्लिकार्जुन खरगे के अतारांकित प्रश्न सं. 1381 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) से (घ): 7 अगस्त 2020 को किसान रेल सेवा शुरू होने के बाद से, रेलवे ने लगभग 2,364 किसान रेल सेवाओं को परिचालित किया है, जिनमें लगभग 7.9 लाख टन खराब होने वाली वस्तुओं की ढुलाई की गई और लगभग 318.68 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित हुआ। किसान रेल गाड़ियों सहित किसी भी प्रकार की गाड़ी सेवाओं के परिचालन पर उपगत व्यय के अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।

किसान रेल सेवाओं की शुरुआत से सेवाओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

राज्य (गाड़ी प्रारंभ)	किसान रेल सेवाओं की संख्या
आंध्र प्रदेश	116
असम	1
गुजरात	62
कर्नाटक	46
महाराष्ट्र	1,842
मध्य प्रदेश	74
पंजाब	15
राजस्थान	5
तेलंगाना	66
त्रिपुरा	1
उत्तर प्रदेश	76
पश्चिम बंगाल	60
कुल	**2,364**

किसान रेल सेवाओं की योजना, परिचालनिक व्यवहार्यता को ध्यान में रखते हुए मांगों के आधार पर बनाई जाती है।

*****

SK